**भारत सरकार**
**सहकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न 2751**
**मंगलवार, 05 अगस्त, 2025/14 श्रावण,1947 (शक) को उत्तरार्थ**

# राज्यों में एमपीएसीएस

**†2751. श्री जी. कुमार नायकः**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान प्रत्येक राज्य में स्थापित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (एमपीएसीएस) का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) पिछले पाँच वर्षों में कर्नाटक में स्थापित प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) का जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) कर्नाटक में पीएसीएस की कुल संख्या और उनकी वर्तमान परिचालन स्थिति का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) कर्नाटक में पीएसीएस को विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की गई वित्तीय और अवसंरचना सहायता का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सहकारिता मंत्री**
**(श्री अमित शाह)**

(क): सरकार ने दिनांक 15.2.2023 को देश में सहकारी आंदोलन को सशक्त करने और जमीनी स्तर तक इसकी पहुंच को सघन करने की योजना को अनुमोदित किया है। इस योजना में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB), राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (NFDB) और राज्य सरकारों के सहयोग से डेयरी अवसंरचना विकास निधि (DIDF), राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (NPDD), प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना PMMSY) आदि सहित विभिन्न मौजूदा भारत सरकार की योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से पांच वर्षों में देश की सभी पंचायतों/गांवों को आच्छादित करते हुए 2 लाख बहुउद्देशीय पैक्स (M-PACS), डेयरी, मात्स्यिकी सहकारी समितियों की स्थापना करना शामिल है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में कुल 4,964 नए एम-पैक्स स्थापित किए गए हैं, जिनका राज्य-वार ब्यौरा **संलग्नक-I** में संलग्न है।

(ख): राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (NCD) के अनुसार, पिछले पांच वर्षों (वित्तीय वर्ष 2020-21 से वित्तीय वर्ष 2024-25 तक) में कर्नाटक राज्य में कुल 428 पैक्स पंजीकृत किए गए हैं, जिनका ब्यौरा **संलग्नक- II** में संलग्न है।

(ग): कर्नाटक में पैक्स की कुल संख्या के ब्यौरे के साथ-साथ उनकी वर्तमान प्रचालनात्मक स्थिति का जिला-वार ब्यौरा **संलग्नक -III** में दिया गया है।

(घ): कर्नाटक में पैक्स को विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की गई वित्तीय और अवसंरचना सहायता का ब्यौरा निम्नानुसार हैं:

**(i) पैक्स कम्प्यूटरीकरण परियोजना**

कर्नाटक राज्य में स्वीकृत 5,682 पैक्स में से 5,491 पैक्स को हार्डवेयर वितरित किया गया है; 3,765 पैक्स को ईआरपी सिस्टम पर ऑनबोर्ड किया गया है; 1,930 पैक्स ईआरपी पर लाइव हैं और 1,728 ने डे एंड परिचालन पूरा कर लिया है।

इसके अलावा, परियोजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा कर्नाटक राज्य को 55.64 करोड़ रुपये (वित्तीय वर्ष 2022-23 में 40.25 करोड़ रुपये और वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15.39 करोड़ रुपये) जारी किए गए हैं।

**(ii) सहकारिता क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना**

सहकारिता क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना, जिसे पायलट परियोजना के रूप में शुरू किया गया है, में भारत सरकार की विभिन्न मौजूदा योजनाओं जैसे कि कृषि अवसंरचना निधि (AIF), कृषि विपणन अवसंरचना योजना (AMI), कृषि यांत्रिकीकरण उप मिशन (SMAM), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME), आदि के अभिसरण के माध्यम से गोदामों, कस्टम हायरिंग केंद्रों, प्रसंस्करण इकाइयों, उचित मूल्य की दुकानों, आदि सहित पैक्स स्तर पर विभिन्न कृषि अवसंरचनाओं का निर्माण करना शामिल है। पायलट परियोजना के अंतर्गत, कर्नाटक राज्य में प्राइमरी एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड, एकम्बा, बीदर में प्रसंस्करण इकाई के साथ एक 1,000 मीट्रिक टन कि क्षमता के गोदाम का निर्माण किया गया है।

**(iii) राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) द्वारा पैक्स को वित्तीय सहायता**

वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2024-25 के दौरान, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) द्वारा कर्नाटक राज्य में पैक्स को कुल 2,556.72 लाख रुपये की वित्तीय सहायता संवितरित की गई है।

***

**संलग्नक-I**

## वित्तीय वर्ष 2024-25 में नए एम-पैक्स की स्थापना

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | नव स्थापित एम-पैक्स की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | - |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 117 |
| 4 | असम | 190 |
| 5 | बिहार | 29 |
| 6 | चंडीगढ़ | - |
| 7 | छत्तीसगढ़ | - |
| 8 | दिल्ली | - |
| 9 | गोवा | 19 |
| 10 | गुजरात | 353 |
| 11 | हरियाणा | 2 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 82 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 98 |
| 14 | झारखंड | 44 |
| 15 | कर्नाटक | 180 |
| 16 | केरल | - |
| 17 | लद्दाख | 2 |
| 18 | लक्षद्वीप | - |
| 19 | मध्य प्रदेश | 85 |
| 20 | महाराष्ट्र | 173 |
| 21 | मणिपुर | 68 |
| 22 | मेघालय | 201 |
| 23 | मिजोरम | 27 |
| 24 | नागालैंड | 14 |
| 25 | ओडिशा | 1,534 |
| 26 | पुड्डुचेरी | 2 |
| 27 | पंजाब | - |
| 28 | राजस्थान | 857 |
| 29 | सिक्किम | 24 |
| 30 | तमिलनाडु | 29 |
| 31 | तेलंगाना | - |
| 32 | दादरा नगर हवेली एवं दमन और दीव | 5 |
| 33 | त्रिपुरा | 110 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 220 |
| 35 | उत्तराखंड | 482 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 16 |
| **कुल योग** | | **4,964** |

स्रोत- राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (NCD)

**संलग्नक -II**

**पिछले 5 वर्षों (वित्तीय वर्ष 2020-21 से वित्तीय वर्ष 2024-25 तक ) में कर्नाटक में पंजीकृत PACS का जिला-वार ब्यौरा**

| क्रम सं. | जिला | पिछले 5 वर्षों में पंजीकृत कुल M-PACS |
|---|---|---|
| 1 | बागलकोट | 27 |
| 2 | बेल्लारी | 10 |
| 3 | बेलगावी | 187 |
| 4 | बेंगलुरु रुरल | 1 |
| 5 | बेंगलुरु अर्बन | 1 |
| 6 | बीदर | 5 |
| 7 | चामराजनगर | 10 |
| 8 | चिक्कबल्लापुर | 6 |
| 9 | चिक्कमगलुरु | 7 |
| 10 | चित्रदुर्ग | 1 |
| 11 | दक्षिण कन्नड़ | 0 |
| 12 | दावणगेरे | 10 |
| 13 | धारवाड़ | 5 |
| 14 | गदग | 6 |
| 15 | हासन | 13 |
| 16 | हावेरी | 1 |
| 17 | कलबुर्गी | 32 |
| 18 | कोडागु | 1 |
| 19 | कोलार | 3 |
| 20 | कोप्पल | 17 |
| 21 | मांड्या | 11 |
| 22 | मैसुरु | 21 |
| 23 | रायचूर | 10 |
| 24 | रामनगर | 2 |
| 25 | शिवमोग्गा | 3 |
| 26 | तुमकुरु | 9 |
| 27 | उडुपी | 0 |
| 28 | उत्तर कन्नड़ | 3 |
| 29 | विजयनगर | 12 |
| 30 | विजयपुरा | 2 |
| 31 | यादगीर | 12 |
| | **कुल** | **428** |

स्रोत- राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (NCD)

संलग्नक -III

## कर्नाटक राज्य में पैक्स की कुल संख्या और उनकी वर्तमान परिचालन स्थिति (जिला-वार)

| क्रम सं. | जिला | कुल पैक्स | कार्यशील पैक्स | गैर-कार्यशील/ सुषुप्त पैक्स | परिसमापन के अंतर्गत पैक्स की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बागलकोट | 303 | 301 | 0 | 2 |
| 2 | बेल्लारी | 91 | 88 | 0 | 3 |
| 3 | बेलगावी | 1408 | 1377 | 19 | 12 |
| 4 | बेंगलुरु रुरल | 80 | 72 | 0 | 8 |
| 5 | बेंगलुरु अर्बन | 46 | 38 | 0 | 8 |
| 6 | बीदर | 189 | 188 | 0 | 1 |
| 7 | चामराजनगर | 113 | 112 | 0 | 1 |
| 8 | चिक्काबल्लापुरा | 164 | 131 | 5 | 28 |
| 9 | चिक्कमगलुरु | 135 | 135 | 0 | 0 |
| 10 | चित्रदुर्ग | 166 | 160 | 1 | 5 |
| 11 | दक्षिण कन्नड़ | 120 | 119 | 0 | 1 |
| 12 | दावणगेरे | 187 | 186 | 0 | 1 |
| 13 | धारवाड़ | 177 | 167 | 8 | 2 |
| 14 | गडग | 180 | 173 | 5 | 2 |
| 15 | हासन | 235 | 222 | 0 | 13 |
| 16 | टूटने | 232 | 230 | 1 | 1 |
| 17 | कलबुर्गी | 246 | 246 | 0 | 0 |
| 18 | कोडागु | 77 | 77 | 0 | 0 |
| 19 | कोलार | 105 | 95 | 1 | 9 |
| 20 | कोप्पल | 137 | 135 | 0 | 2 |
| 21 | मांड्या | 243 | 242 | 0 | 1 |
| 22 | मैसुरु | 220 | 214 | 0 | 6 |
| 23 | रायचूर | 147 | 144 | 0 | 3 |
| 24 | रामनगर | 104 | 102 | 0 | 2 |
| 25 | शिवमोग्गा | 178 | 175 | 0 | 3 |
| 26 | तुमकुरु | 249 | 245 | 1 | 3 |
| 27 | उडुपी | 57 | 57 | 0 | 0 |
| 28 | उत्तर कन्नड़ | 180 | 178 | 0 | 2 |
| 29 | विजयनगर | 124 | 121 | 0 | 3 |
| 30 | विजयपुरा | 284 | 278 | 5 | 1 |
| 31 | यादगीर | 114 | 112 | 0 | 2 |
| **कुल** | | **6291** | **6120** | **46** | **125** |

स्रोत- राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (NCD)